प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 की विस्तृत संवैधानिक वैधता रखी बरकरार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फसले को किया रद्द।
2. उत्तर प्रदेश ने प्रोजेक्ट वीरगाथा में देशभर में किया सर्वोच्च प्रदर्शनः सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 50 जनपदों में राज्य के 18 जनपद शामिल।
3. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली : शहीद चौक का उद्‌घाटन समेत कई परियोजनाओं का किया शुभारंभ।
4. मथुरा में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण ने आज ग्यारह दिवसीय ब्रज रज उत्सव का किया शुभारम्भ : कहा– उत्सव से स्थानीय कलाकारों को मिलेगी पहचान।

और

5. नहाय–खाय के साथ आज से शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व : कल होगा खरना का अनुष्ठान।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी है। भारत के मुख्य न्यायधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्र की खंडपीठ ने

आज 22 मार्च के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें इस अधिनियम को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ घोषित किया था। शीर्ष न्यायालय की इस व्यवस्था के अनुसार प्रदेश में मदरसे काम करते रहेंगे और सरकार को शैक्षिक मानक निर्धारित करने का अधिकार होगा। इससे पहले अप्रैल में शीर्ष अदालत ने विवादास्पद निर्णय पर रोक लगा दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि मदरसा बोर्ड फाजिल, कामिल जैसी उच्च शिक्षा की डिग्री नहीं दे सकता, क्योंकि यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के विपरीत है। लखनऊ ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

———————

वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट में प्रदेश ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 50 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 18 जनपद शामिल हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*वीरगाथा प्रोजेक्ट रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का एक संयुक्त कार्यक्रम है। इस परियोजना का उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच वीरता पुरस्कार विजेताओं और सशस्त्र बलों के कर्मियों के बहादुरी के कार्यों और उनकी प्रेरणादायक कहानियों को बढ़ावा देना है। वर्ष 2024–25 में वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट के तहत 16 सितंबर से 31 अक्टूबर तक स्कूली छात्रों के ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए थे। इस दौरान उत्तर प्रदेश ने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। देश में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 50*

*जनपदों में पीलीभीत ने दूसरा स्थान हासिल किया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

_________

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे पर आज अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने जन प्रतिनिधियों के साथ जिला अनुश्रवण और निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की गई। इससे पहले राहुल गांधी ने पीपलेश्वर मंदिर में दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका द्वारा निर्मित शहीद चौक का उद्घाटन और कई सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उनके साथ अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

_________

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी प्रदान कर दी। इसमें हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में मनोनयन समिति गठित करने का प्राविधान किया गया है। वहीं डीजीपी का न्यूनतम कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित किया गया है।

_________

केंद्र सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को स्थिर रखने के साथ–साथ किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में, उपभोक्ता, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज नई दिल्ली में भारत ब्रांड चावल और आटा योजना के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। बाइट....

*भारत ब्रांड राइज़ एंड भारत ब्रांड आटा शुरू करने का निर्णय करके आज हमने लॉचिंग किया है। चावल 34 रुपये में, आटा अंडर भारत ब्रांड अवेलेबल है, एट दी एम आर पी नॉट एक्सिडिंग 30 रुपये।*

———————

मथुरा में आज से ग्यारह दिवसीय ब्रज रज उत्सव का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और सांसद हेमा मालिनी ने किया । मेले में प्रसिद्ध कलाकार आशुतोष राणा महानाट्य हमारे राम का मंचन कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण ने कहा कि इस मंच पर पूरे देश के संगीत की झलक देखने को मिलती है। बाइट.....

*ये बहुत अच्छा एक संगीत की विभिन्न विधाओं का ऐसा संगम है कि जो अन्यत्र देखने को कहीं नहीं मिलता है। मुख्य इसका जो उद्देश्य था वो यही था की जो हमारी पुरानी संगीत की विधाएँ हैं वो पुनर्जीवित हो वो प्रचलित रहे। बृज भूमि में जो अनेक प्रकार के हमारे बृज के संगीत के कार्यक्रम है वो भी सब यथावत बने रहे और उनका विकास करना है। यहाँ जो लोकल भी हमारे कलाकार हैं उनके विकास के लिए भी ये एक बहुत अच्छा माध्यम है।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

नहाय खाय के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ की आज शुरुआत हो गई। पूजा के पहले दिन राज्य की प्रमुख नदियों के घाटों पर पवित्र स्नान और पूजा के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। कल खरना का अनुष्ठान होगा, इसके बाद छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने छठ महापर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी लखनऊ औऱ नगर आयुक्त को सभी घाटों और पूजा स्थलों पर व्यापक साफ सफाई के साथ सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि लोगों को छठ पर किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिये पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। बाइट......

*यहाँ भी काफी संख्या में श्रद्धालु छठ पर्व के अवसर पर यमुना जी में आकर पूजन करते हैं। ये पूजन सात तारीख को शाम में और आठ को*

*मॉर्निंग अर्घ्य देकर जो श्रद्धालु है भटव्रती पूजा करते हैं उसको लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है और जल के अंदर में भी गोताखोर तथा हमारी रथ पीएसी की जो डिप्लॉयमेंट है वो रहेगी। सिविल पुलिस और पीएसी की हमारी डिप्लॉयमेंट आसपास घाटों और आसपास रहेगा। काफी संख्या में महिलाएं इस व्रत को करती हैं और आती हैं। उनकी सुरक्षा को देखते हुए सादे में तथा वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों की भी डिप्लॉयमेंट की जा रही है।*

अमरोहा के वासुदेव तीर्थ स्थल समेत अन्य सरोवरों पर पूजा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी में गंगा के घाटों और सरोवरों पर एनडीआरएफ़ के जवान तैनात किए गए हैं। कुशीनगर में भी छठ के पर्व को लेकर खास तैयारियां की गई हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*लोक आस्था का महापर्व सूर्यषष्ठी यानी छठ पर्व आज से पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने आज शाम कद्दू की सब्जी व चावल खाकर अपना व्रत शुरू किया। कल शाम खरना पूजन कर छठ व्रती प्रसाद में रसियाव खीर ग्रहण करेंगी। ततपश्चात् पुनः निर्जला व्रत रहते हुए गुरुवार को डूबते हुए भगवान सूर्य की आराधना कर अर्घ्य देंगी तथा शुक्रवार को उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दे कर अपना व्रत सम्पन्न करेंगी। इस महापर्व को लेकर जहां छठ घाटों की साफ सफाई की जा रही हैं, वहीं रौशनी के विशेष प्रबन्ध भी किये जा रहे हैं। छठ पर्व को लेकर बाजारों में चहल पहल बढ़ गयी है। विवेक पाण्डेय, आकाशवाणी समाचार कुशीनगर*

———————

त्योहारों के दौरान रेलवे आज एनसीआर से देश के विभिन्न भागों के लिए 22 विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। ये ट्रेनें गोरखपुर, सहरसा, जयनगर, पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सिकंदराबाद और मालदा टाउन के

लिए चलाई जा रही हैं। रेलवे के अनुसार छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए इस महीने की 2 तारीख से 8 तारीख तक 145 अतिरिक्त विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं और प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्रियों की यात्रा सुगम बनाई जा रही है। प्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिये उत्तर मध्य रेलवे आज तीन विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। वहीं कल 8 विशेष गाड़ियों का संचालन किया जायेगा। इसी के साथ 33 गाड़ियां उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से होकर गुजरेंगी।

---------

प्रदेश के वन राज्यमंत्री अरुण सक्सेना कल कतर्निया घाट से पर्यटन सत्र का शुभारंभ करेंगे। दुधवा नेशनल पार्क भी कल से पयटकों के लिए खोल दिया जाएगा। पहले इसके खुलने की तिथि 15 नवम्बर निर्धारित की गई थी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भी कल से नया पर्यटन सत्र शुरू हो जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि इस बार सैलानियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

---------

विश्व सॉफ्ट टेनिस चम्पियनशिप में लखनऊ की तनुश्री पांडे ने रजत पदक जीता है। चीन के जिंगशान में खेली जा रही चम्पियनशिप के अंडर–21 महिला सिगंल्स फाइनल में तनुश्री को चीन की सियांग मिन यू से 3–4 से हार का

सामना करना पड़ा। इससे पहले, तनुश्री ने सेमीफाइनल मुकाबले में जापानी प्रतिद्वंद्वी को 4–3 से हराया।

(समाप्त)